बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-357
23/10/2024

# मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला में 49,416 लाख रुपये की 211 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया

पटना, 23 अक्टूबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सुपौल जिला अंतर्गत 22,497.73 लाख रुपये की 99 योजनाओं का उद्घाटन तथा 26,919.17 लाख रुपये की लागत वाली 112 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला के किशनपुर प्रखंड स्थित मलाढ़गांव के वार्ड नंबर–12 (महादलित टोला) का भ्रमण कर विकासात्मक योजनाओं का जायजा भी लिया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक पोखर में छठ घाट निर्माण, मिट्टी सह पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य एवं मलाढ़ पंचायत के 4 वार्डों में सोलर लाइट लगाने के कार्य से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक पोखर का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक पोखर में मछली का जीरा (मत्स्य अंगुलिका) भी छोड़ा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पोखर के एक तरफ जिस तरह से सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराया गया है, उसी प्रकार पोखर के तीनों तरफ भी सीढीनुमा घाट का निर्माण कराएं ताकि लोगों को छठ व्रत, अनुष्ठान आदि के दौरान स्नान करने में सहूलियत हो। उन्होंने कहा कि जल–जीवन–हरियाली योजना के तहत हमलोगों ने सभी सार्वजनिक कुआं, तालाब, पोखर आदि का जीर्णोद्धार कराया है। जल और हरियाली के बीच ही जीवन सुरक्षित है इसलिए लोगों को जल और हरियाली की महत्ता समझनी चाहिए। पोखर के समीप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहित अन्य कई विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्राथमिक विद्यालय मलाढ़ का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने बच्चों से पढ़ाई एवं उन्हें मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। शिक्षकों द्वारा कविता और खेल के माध्यम से छोटे बच्चों को दी जा रही शिक्षा की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग ठीक ढंग से बच्चों का ज्ञानवर्द्धन कर रहे हैं। इस तरीके से छोटे बच्चे जल्दी और ज्यादा सीखेंगे, इससे उनकी समझ बढ़ेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस तरह के 105 विद्यालय जिला में संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र भी बनवा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों तथा निर्मित होनेवाले भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके पश्चात् समेकित बाल विकास परियोजना का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर बच्चों से बात की। बच्चों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां नियमित रुप से पढ़ाई होती है और संचालित योजनाओं का लाभ भी हमें समय से मिलता है। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय द्वारा दिव्यांगजनों के लिए स्वीकृत बैटरी चलित ट्राई साईकिल की चाबी मुख्यमंत्री ने लाभुकों को भेंट की।

मुख्यमंत्री ने मलाढ़ पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में जिला लोक शिकायत निवारण से संबंधित 'समाधान पुस्तिका' का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम, कृषि यांत्रिकीकरण योजना, मखाना भंडार गृह योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अनुसूचित जाति–जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत अनुदान, अनुकंपा

आधारित नियोजन पत्र, मुख्यमंत्री ग्राणीण आवास योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त विवाह योजना, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना आदि के तहत चयनित लाभुकों को सांकेतिक चेक एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किया। अभियान बसेरा–2 के लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री ने बंदोबस्ती का पर्चा वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने सरायगढ़ में 2990 लाख रुपये की लागत से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–327ए के नवनिर्मित टू लेन आर0ओ0बी0 सह पहुंच पथ के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। सुपौल जिला अंतर्गत 3911.34 लाख रुपये की लागत से बैरिया मंच–मुंगरार पथ में नवनिर्मित पहुंच पथ सहित उच्च स्तरीय पुल का निर्माण, 1438.80 लाख रुपये की लागत से वीरपुर–बसमतिया पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, 1302.20 लाख रुपये की लागत से एन0एच0–327ए परशरमा रोड से बी0एस0एस0 कॉलेज होते हुए चयन सिंह पट्टी तक सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 2639.75 लाख रुपये की लागत से एन0एच0–327ई से मोहनियां पी0डब्लू0डी0 पथ भाया मरीचा, जगतपुर एवं कटैया टोला पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई पथों का उद्घाटन किया गया है। इन सड़कों के बन जाने से लोगों को आवागमन में अब और अधिक सहूलियत होगी। सड़कें ठीक ढंग से मेंटेन रहे, इसका विशेष रुप से ख्याल रखें।

मुख्यमंत्री ने 6.82 करोड़ की लागत से सुपौल जिला में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन भपटियाही सहित कुल 2 पुलिस भवनों का उद्घाटन एवं 24.26 करोड़ की लागत से निर्मित 200 महिला सिपाही बैरक तथा 6 थाना भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उद्घाटन के पश्चात् नवनिर्मित थाना भवनों का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण भी किया।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एव जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया।

इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, सासंद श्री दिलेश्वर कामत, विधायक श्री अनिरुद्ध प्रसाद यादव, विधायक श्री रामविलास कामत, विधायक श्रीमती वीणा भारती, बिहार विधान परिषद् के पूर्व कार्यकारी सभापति श्री हारुन रशीद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, सहरसा के प्रमंडलीय आयुक्त श्री दिनेश कुमार, कोसी प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिदेशक श्री मनोज कुमार, जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री शैशव यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******